आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत द्वीपसमूह में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की दिशा में राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नवीनीकृत ब्लॉक का उद्घाटन किया।
- नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ग्राम पंचायतों में आज से विशेष आधार शिविर आयोजित कर रहा है।
- जहाज MV Swaraj Dweep, चौदह मई को सुबह 1000 बजे Sri Vijaya Puram से Chennai के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

संस्कृति मंत्रालय की ओर से 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व – 1000 वर्ष की दृढ़ता और अटूट आस्था' का आयोजन किया जा रहा है। एक वर्ष तक चलने वाला यह राष्ट्रीय समारोह है, जो 11 जनवरी, 2027 तक चलेगा। यह ऐतिहासिक अवसर 1026 ईस्वी में सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे होने और मई 1951 में मंदिर के पुनर्निर्माण तथा उद्घाटन के 75 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा कल एक राज्य–स्तरीय 'स्वाभिमान पर्व' आयोजित किया गया। इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई जो फ्लैग पॉइंट स्थित अय्यनार मंदिर से शुरू होकर मजार पहाड़ स्थित शिव मंदिर में संपन्न हुई। कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे, मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार के अलावा, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस पर्व में सोमनाथ मंदिर में आयोजित राष्ट्र–स्तरीय कार्यक्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी किए गए।

<><><><><><><>

शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, शिक्षा निदेशक आदित्य सांगोत्रा ने राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक नए और नवीनीकृत ब्लॉक का उद्घाटन किया।

इसका उद्देश्य द्वीप समूह में छात्रों को आधुनिक और व्यावहारिक  सीखने का माहौल प्रदान करना हैं। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक और छात्रों ने भाग लिया। अपने संबोधन में शिक्षा निदेशक ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)–2020 के अनुरूप होने के लिए स्कूल के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना आवश्यक है। स्कूल की प्रधानाचार्या संगीता चंद ने कहा कि इस नए ब्लॉक का जुड़ना स्कूल के विकास के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद, अध्यक्ष  पी. उमर और उपाध्यक्ष आशा मांजा हल्दर और पूर्व अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने कल मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार से  मुलाकात की। इस दौरान, ज़िला परिषद् से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों और चल रहे गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने और विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर कल टैगोर राजकीय शिक्षण संस्थान के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया । MY Bharat, के सहयोग से आयोजित  इस कार्यक्रम में लगभग 125 युवाओं, छात्रों और संकाय सदस्यों ने से भाग लिया।  इस अवसर पर भारतीय संचार निगम लिमिटेड के सहायक महाप्रबंधक  प्रकाश खुले  मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।  अपने संबोधन में उन्होंने 1998 में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नेतृत्व में किए गए सफल पोखरण परमाणु परीक्षणों के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसने भारत को एक परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने दूरसंचार प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर जागरूकता और युवाओं के बीच प्रौद्योगिकी के जिम्मेदार उपयोग के विकास पर भी विस्तार से चर्चा की। संस्थान की प्रधानाचार्य, डॉ. मंजू लता राव ने छात्रों को शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के लिए नवाचार, वैज्ञानिक सोच और डिजिटल शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखें।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर आयोजित कर रहा है। यह शिविर कालीकट और शहीद द्वीप  में आज और कल सुबह 9.30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

इसके अलावा यह शिविर छोलदारी, नमूनाघर, फरारगंज, कन्यापुरम, शोल–बे, ननकौड़ी, कच्छाल में भी आयोजित किए जाएंगे। विभाग ने सभी से इन विशेष आधार शिविरों का लाभ उठाने को कहा हैं।

<><><><><><><>

जहाज MV Swaraj Dweep, चौदह मई को सुबह 1000 बजे Sri Vijaya Puram से Chennai के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामान चढ़ाने का कार्य कल दोपहर दो बजे से शाम चार बजे के बीच किया जाएगा जबकि यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य जहाज़ यात्रा के दिन सुबह सात बजे से नौ बजे तक होगा।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत विम्बरलीगंज के स्थापना दिवस के अवसर पर हाल ही में, विम्बरलीगंज के नेताजी पार्क में एक नए मंच का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष पी. उमर मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में फरारगंज पंचायत समिति प्रमुख, डी. पद्मावती, विम्बरलीगंज ग्राम पंचायत प्रधान, के. वेंकट राम बाबू, के अलावा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। अपने संबोधन में ज़िला परिषद् अध्यक्ष ने कहा कि यह नव–उद्घाटित मंच इस क्षेत्र में राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों, गैर सरकारी संगठन की गतिविधियों और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक स्थल के रूप में कार्य करके समुदाय को लाभ पहुंचाएगा।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय, की ओर से शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए 'एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों' में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमें सिलाई और वस्त्र निर्माण, बेंत और बांस हस्तशिल्प, बढ़ईगीरी और सामान्य इंजीनियरिंग जैसे विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। डिगलीपुर केंद्र सिलाई और वस्त्र निर्माण, सामान्य इंजीनियरिंग और बढ़ईगीरी में पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा। लिटिल अंडमान में, सामान्य इंजीनियरिंग और बढ़ईगीरी में प्रशिक्षण उपलब्ध होगा, जबकि कार निकोबार में सिलाई और वस्त्र निर्माण, बढ़ईगीरी, जूट और जूट उत्पाद, तथा सामान्य इंजीनियरिंग में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवार जिनकी आयु 15 से 45 वर्ष के बीच हो तथा द्वीप समूह का स्थानीय प्रमाण पत्र धारक हो, वे इसके लिए पात्र होंगे। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उम्मीदवारों को 1000– रुपये का मासिक वजीफा प्रदान किया जाएगा।

प्रवेश के लिए फॉर्म जारी करने की प्रक्रिया कल से प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, उद्योग निदेशालय और विभाग के विस्तार कार्यालयों में शुरू हो चुकी है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून है। अधिक जानकारी के लिए, आवेदक संबंधित उद्योग संवर्धन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग कल से सोलह मई तक भारतीय नौसेना परीक्षा, 2026 आयोजित करने जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के ई–एडमिट कार्ड, निर्धारित परीक्षा तिथि से 3–4 दिन पहले आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

<><><><><><><>

पुलिस विभाग की ओर से जारी भर्ती नोटिस के तहत ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया 27 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 मई है। उम्मीदवारों के लिए कल से 19 मई तक सुधार विंडो उपलब्ध रहेगी। इस दौरान उम्मीदवार अपने आवेदन में आवश्यक सुधार, पद की प्राथमिकताएं, शैक्षणिक योग्यताएं, अनुभव, तस्वीरें, हस्ताक्षर और अन्य अनुमत क्षेत्रों जैसे विवरणों को अपडेट कर सकते हैं। सुधार विंडो बंद होने के बाद, किसी भी प्रकार के संशोधनों पर विचार नहीं किया जाएगा। विभाग ने सभी उम्मीदवारों से कहा है कि वे भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अपडेट के लिए नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

<><><><><><><>